# अवैध दुकानों पर बिक रही नकली दवाइयां, लोग पड़ रहे बीमार

Publish Date:Sun, 02 Jun 2019 06:41 AM (IST)

फोटो नंबर 01 एआरआर 04

-युवाओं को रोग के चपेट में आने की पीएचसी प्रभारी ने दी जानकारी

-ग्रामीणों ने जताई चिता, झोलाछाप कर रहे हैं धंधा

-नशा के तौर पर भी दवाई-सूई का हो रहा है सेवन

संसू.,भरगामा(अररिया): भरगामा प्रखंड में बगैर अनुज्ञप्ति की दवाई की दुकानें चल रही हैं। नकली दवाई की भी बिक्री की जा रही है। इनमें पटना और कटिहार ब्रॉड से नकली दवाइयां बेंची जा रही हैं।

यह जानकारी ग्रामीण वकील ऋषि, गणेश यादव, सिकन्द्रर ऋषि, विनोद यादव, विकास यादव आदि ने दी और बताया कि दवा की दुकानों पर नशीली दवाई कफ सीरफ, फोर्ड वीन आदि बेंची जा रही है। भरगामा के प्रभारी चिकित्सक डॉ. सुखी राऊत ने जानकारी दी कि नशीली दवाइयों में शामिल सूई का इस्तेमाल नशा के लती कर रहे हैं। पीएचसी में रोग से ग्रसित होने के बाद ऐसे लोग पहुंच रहे हैं जिसमे युवा ज्यादा हैं। बगैर अनुज्ञप्ति की दवाई दुकान खोलनी और दवाई की बिक्री की नहीं की जा सकती। यह जानकारी सीएस अररिया को दी जाएगी। अतिशीध्र अवैध दवाई की दुकानों पर कर्रवाई की जाएगी। इस संबंध में अधिकारिक सूत्रों ने बताया नकली दवाई बिक्री करने वाले गरीब -असहाय लोगों के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। भरगामा प्रखंड के खजुरी बाजार, साहटोला, चरैया हाट, महथावा बाजार, सिबरबनी बाजार, मवेशी हाट चौक, महर्षि मेही चौक भटगामा आदि बाजार में झोला छाप चिकित्सकों द्वारा बेरोक -टोक अवैध तरीके से दवा दुकान चलाई जा रही है। नकली दवाइयां पटना और कटिहार मार्का की हैं।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/araria-aaa-19275964.html